SPICES BOARD
(Ministry of Commerce and Industry
Government of India)
Sugandha Bhavan
N.H. By-pass
P.B. No. 2277
Palarivattom P.O.
Cochin - 682 025, India

स्पाइसेस बोर्ड
भारत

स्पाइसेस बोर्ड
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय,
भारत सरकार)
सुगन्ध भवन
एन. एच. बाइपास
पी. बी. नं. 2277
पालारिवट्टम पी.ओ.
कोचिन - 682 025, भारत

विपणन–म पा/एल ओ एफ़ 2017 **01-02-2019**

<u>मसाला पार्क, गुना, मध्य प्रदेश के बैंक भवन को किराए पर देने केलिए बोलियों का आमंत्रण</u>

स्पाइसेस बोर्ड, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने मध्य प्रदेश के गुना जिले के गुना में मसाला पार्क की स्थापना की है। इस पार्क में, धनिया तथा बडी सौंफ़ जैसे बीजीय मसालों के प्रसंस्करण केलिए स्थापित सामान्य अवसंरचना सुविधाएं हैं । वर्तमान मसाला पार्क में चारों ओर दीवार, चौड़ी सड़कें, निर्बाध पानी और बिजली की आपूर्ति, 33 केवी बिजली लाइन, वेयिंग ब्रिड्जस , कैंटीन, वेयर हाउसों और पीयूएफ गोदाम, बैंक भवन आदि जैसी सुविधाएं मौजूद हैं। बोर्ड ने मसाला पार्क में 14 निर्यातकों को अपनी प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना केलिए 22 प्लॉटों का आबंटन किया है।

स्पाइसेस बोर्ड निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अनुसार राष्ट्रीयकृत बैंकों/सहकारी बैंकों/निजी बैंकों/अनुसूचित बैंकों को, बिजली, पानी और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ स्ट्रांग रूम, एक केंद्रीय हॉल और प्रबंधक तथा कैशियर के लिए कैबिन सहित नए निर्मित व सुसज्जित 1200 वर्ग फ़ीट (लगभग) क्षेत्र के बैंक भवन को किराए पर देने का प्रस्ताव रखता है ।

बैंक भवन किराए पर देने केलिए निबंधन व शर्तें

1. बैंक भवन, अंतरण तारीख से पांच वर्ष तक केलिए किराए पर दिया जाएगा। किराया, प्रति वर्ष 10 प्रतिशत की दर पर बढाया जाएगा।
2. स्पाइसेस बोर्ड, बैंक भवन केलिए भुगतान आधार पर पानी व बिजली प्रदान करेगा।
3. विस्तृत निबंधन व शर्तें, बैंक भवन के अंतरण केलिए निष्पादित समझौते में शामिल किए जाएंगे।
4. बैंक भवन को उच्चतम किराया प्रति महीना कोट करने वाले बैंक को किराए पर दिया जाएगा।
5. आगामी महीने की पांच तारीख को या उससे पहले स्पाइसेस बोर्ड को 18 प्रतिशत जी एस टी सहित मासिक किराये का भुगतान किया जाना होगा ।

6. उच्चतम बोली लगानेवाले बैंक को पट्टा अवधि की समाप्ति तक बैंक गैरंटी के रूप में सुरक्षा जमा के तौर पर तीन महीने का किराया जमा करना है।
7. बैंक भवन का दौरा करने में इच्छुक बैंक,सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 9.00 से शाम के 5.30 बजे के बीच निम्नलिखित पते पर, प्रादेशिक कार्यालय, स्पाइसेस बोर्ड, मसाला पार्क, गुना से संपर्क करें:

सहायक निदेशक
स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय,
मसाला पार्क, मावन, गुना जिला
मध्य प्रदेश
फोन : 07542 284151,
मोब.: 8290600391
इ-मेइल : spicesboardguna@gmail.com

बोलियां अनुबंध-1 में दिए फ़ॉर्मेट में प्रस्तुत की जानी होगी ।

बोली को “मसाला पार्क, गुना के बैंक भवन केलिए बोली” ऐसे ऊपर लिखे मुहरबंद लिफ़ाफ़े में निम्न पते पर भेजा जाना है।

सहायक निदेशक
स्पाइसेस बोर्ड, प्रादेशिक कार्यालय,
मसाला पार्क, मावन, गुना जिला
मध्य प्रदेश
पिन : 473001

22.02.2019 को दोपहर बाद 3.00 बजे को या उससे पहले बोलियां उपर्युक्त कार्यालय में पहुंच जानी चाहिए।

बोलियां 22.02.2019 को दोपहर बाद 3.30 बजे बोलीदाता, यदि कोई है, की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

स्थान: कोच्ची
तारीख : 01-02-2019

निदेशक (विपणन)

अनुबंध –1

बैंक भवन किराए पर देने केलिए बोली

1	बैंक का नाम	
2	बैंक का डाक पता	
3.	संपर्क व्यक्ति के विवरण , टेलीफ़ोन नं. तथा इ–मेइल आई डी	
3	बैंक का पी ए एन नंबर (पैन)	
4	जी एस टी रजिस्ट्रीकरण का विवरण	
5	प्रति महीना कोट किया गया मासिक किराया :	मूल राशि : ....रुपए जी एस टी 18% :...........................रुपए कुल : ....रुपए

स्थान : (संपर्क व्यक्ति का हस्ताक्षर)

तारीख : संपर्क व्यक्ति का हस्ताक्षर ....

पदनाम ....

बैंक का मुहर